ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.12.2020

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम जोन–3 के मुख्यालय रौजा में प्रत्येक सप्ताह के बुधवार एवं शनिवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक जोनल अधिकारी द्वारा समस्याओ का सुनकर निस्तारण कराया जायेगा।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार जोनल अधिकारियो द्वारा सफाई का औचक निरीक्षण किया गया।**

1– नगर निगम के गठन के उपरान्त नगर निगम में शामिल नगर पंचायत रौजा तथा अन्य विस्तारित क्षेत्र से सम्बन्धित सभी समस्याओ के समन्वयक निस्तारण हेतु उचित प्रबन्ध करते हुये जोनल अधिकारी/ उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे को नगर निगम जोन–3 के मुख्यालय रौजा में प्रत्येक सप्ताह के बुधवार एवं शनिवार को उपस्थित रहकर नागरिको की सुनने एवं निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.12.2020 को उपनगर आयुक्त/जोनल अधिकारी द्वारा आर्दश नगर कालोनी की प्रत्येक गलियो में धूमकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य उपस्थित थे। सफाई कर्मचारियो की उपस्थिति का सत्यापन किया गया जिसमें गजेन्द्र,मुकुल,आशीष,जितेन्द्र,शिवकुमार प्रेमी,अजीत कुमार जॉनी, राज देवी,विवेक प्रथम तथा रवि कुमार सहित 10 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कर्मचारियो का वेतन काटने का निर्देश दिया गया। सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि शत–प्रतिशत कर्मचारियो की उपस्थिति कराते हुये शहर को साफ– सुथरा रखा जाये। भ्रमण के समय बिलो के वितरण एवं वसूली की भी समीक्षा की गई। सभी भवन मालिको को अभी तक बिल उपलब्ध न कराने के कारण श्री तुषार त्रिवेदी,राजस्व निरीक्षक को कड़ी फटकार लगाई गई एवं 03 दिन के अन्दर समस्त भवन स्वामियो को बिल वितरण कराने के निर्देश दिया गया। रेलवे कालोनी परिसर में स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याओ को सुना गया।

2– नगर आयुक्त महोदय के दिये गये निर्देश के क्रम में जोन–2 में आज जोनल अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती के अंर्तगत वार्ड हुण्डालखेल की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षक के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सफाई एंव खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल सिंह एंव सफाई नायक श्री अर्जुन उपस्थित रहे। सफाई कर्मचारी श्री राजीव पुत्र रामचरन (आउटसोर्सिंग), श्री सुरेन्द्र पाल पुत्र कंधई (आउटसोर्सिंग), श्रीमती माया पत्नी लल्लन (स्थाई), श्री फैजल , सोनाली पुत्री स्व0 टीकमचन्द्र (स्थाई) अपनी–अपनी बीटों पर कार्य करते हुये पाये गये। तारिक ई–रिक्शा चालक द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलैक्शन का कार्य

किया जा रहा था। सफाई कर्मचारी श्री रामकिशोर पुत्र नन्हे अपनी बीट पर उपस्थित नही पाये गये एंव न ही अपनी बीट का कार्य किया गया, इनका एक दिन का वेतन रोके जाने की संस्तुति की गई। वार्ड में एक स्थान पर नाली बंद पायी गई, जिसकी सफाई कराये जाने के निर्देश सफाई निरीक्षक को दिये गये। वार्ड की शेष गलियों व नालियों की सफाई कार्य संतोषजनक पायी गई। सफाई नायक द्वारा अवगत कराया गया कि सफाई कर्मचारी श्री अनिल पुत्र रमेश (आउटसोर्सिंग), श्री सुरेन्द्र पुत्र कंधई (आउटसोर्सिंग), श्री राजीव पुत्र राम चन्दर (आउटसोर्सिंग), श्री शिवम पुत्र राधे (आउटसोर्सिंग), श्री अमरजीत पुत्र रामचन्दर (आउटसोर्सिंग), एंव श्री संजय पुत्र भैय्यालाल (आउटसोर्सिंग) है। मोहल्ला खलीलगर्वी मकान नं0–157 के पास की रोड़ क्षतिग्रस्त है, जिसके बनवाये जाने की आवश्यकता है। रोड को बनवाने हेतु अधिशासी अभियन्ता (सिविल) को निर्देशित किया गया। वार्ड में दो स्थानों पर लाईटें जलती हुई पायी गई, जिसके लिये सहायक अभियनता(वि/यॉ) को तत्काल मरम्मत कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त जोन–3 मो0 ख्वाजा फिरोज में सहायक अभियन्ता (जल) श्री पी0 के0 सिंह द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियमित, संविदा, आउटसोर्सिग के कुल 17 कर्मचारियो में से 04 कर्मचारी– श्री सुनील कुमार, विजेन्द्र मलखान, अजय कुमार, लालू अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कर्मचारियो का एक दिन का वेतन काटने का सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर